मैत्रेयी कॉलेज में मनाया गया शैक्षणिक उत्सव :अवगाहन 2025

(आधुनिक राजस्थान)कृष्ण चतुर्वेदी/दिल्ली। दिल्ली महाविद्यालय के मैत्रेयी महाविद्यालय में मनाया गया शैक्षणिक उत्सव अवगाहन। अवगाहन मैत्रेयी महाविद्यालय का अंतर्राष्ट्रीय अंत:विषय ऑनलाइन मनाया जाने वाला शैक्षणिक उत्सव है। जहाँ छात्रों को अपनी बुद्धिमता और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का भरपूर अवसर प्राप्त होता है। यह उत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला महाविद्यालय का बहुविषयक विशेष कार्यक्रम है। इस वर्ष उत्सव का सातवां संस्करण आयोजित किया गया, जोकि 6 फ़रवरी 2025 से प्रारम्भ होकर 6 मार्च 2025 को संपन्न हुआ। महाविद्यालय के सभी विभागों ने विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किये, जिसमें देश और दुनिया भर के विभिन्न विषयों और विश्वविद्यालयों कुल 3246 स्नातक छात्रों पंजीकरण हुआ। उत्सव के दौरान छात्रों को कई प्रतियोगिताओं में जैसे की रचनात्मक लेखन, नारा लेखन, वीडियो निर्माण, क्विज, प्रस्तुतीकरण आदि में भाग लेने का अवसर मिला। प्रारंभिक चरण की प्रतियोगिताएं 19-21 फ़रवरी 2025 के बीच संपन्न हुई। अंतिम चरण की प्रतियोगिताएं 27 फ़रवरी - 2 मार्च 2025 तक आयोजित की गई। अंतिम परिणाम की घोषणा 6 मार्च 2025 को मैत्रेयी महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर चयनित छात्रों को प्रमाण-पत्र एवं नक़द पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र वितरित किये गए। इस उत्सव में विविध विषयों से सम्बंधित छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है, जिसमें कौशल वृद्धि, रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और भारतीय भाषाओँ पर समान ध्यान दिया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर हरित्मा चोपड़ा के निरंतर मार्गदर्शन और अटूट समर्थन के कारण यह आयोजन इतना सफ़ल हो सका और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण को पूरा कर सका।

दिल्ली मैत्रेयी महाविद्यालय में मनाया गया शैक्षणिक उत्सव अवगाहन

प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र एवं नक़द पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

डॉ.हेमलता रानी

नई दिल्ली।दिल्ली महाविद्यालय के मैत्रेयी महाविद्यालय में शैक्षणिक उत्सव अवगाहन मनाया गया। अवगाहन मैत्रेयी महाविद्यालय का अंतर्राष्ट्रीय अंत:विषय ऑनलाइन मनाया जाने वाला शैक्षणिक उत्सव है। जिसमें छात्रों को अपनी बुद्धिमता और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का भरपूर अवसर प्राप्त होता है। यह उत्सव प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला महाविद्यालय का बहुविषयक विशेष कार्यक्रम है इस वर्ष उत्सव का सातवां संस्करण आयोजित किया गया, जो 6 फरवरी से शुरू होकर 6 मार्च को संपन्न हुआ। महाविद्यालय के सभी विभागों ने विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें देश और दुनिया भर के विभिन्न विषयों और विश्वविद्यालयों कुल 3246 स्नातक छात्रों पंजीकरण हुआ। उत्सव के दौरान छात्रों को कई प्रतियोगिताओं में जैसे की रचनात्मक लेखन, नारा लेखन, वीडियो निर्माण, क्विज, प्रस्तुतीकरण आदि में भाग लेने का अवसर मिला। प्रारंभिक चरण की प्रतियोगिताएं 19–21 फ़रवरी के बीच आयोजित हुई। अंतिम चरण की प्रतियोगिताएं 27 फरवरी – 2 मार्च तक आयोजित की गई। अंतिम परिणाम की घोषणा 6 मार्च को मैत्रेयी महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर चयनित छात्रों को प्रमाण-पत्र एवं नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस उत्सव में विविध विषयों से संबंधित छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप है, जिसमें कौशल वृद्धि, रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और भारतीय भाषाओं पर समान ध्यान दिया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर हरित्मा चोपड़ा के निरंतर मार्गदर्शन और अटूट समर्थन के कारण यह आयोजन इतना सफल हो सका और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण को पूरा कर सका।